हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 131 देहरादून, बृहस्पतिवार, 10 नवंबर, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



गैरसैंण में चमोली पुलिस की भव्य रैतिक परेड़ की सीएम धामी ने ली सलामी 3

# 22वें उत्तराखंड स्थापना दिवस में दिखे भव्य, दिव्य और अद्भुत नज़ारे






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 9 नवंबर। उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस पर देहरादून पुलिस लाईन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि) एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने रैतिक परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। राज्यपाल ने विशिष्ट सेवाओं के लिए 'राष्ट्रपति पुलिस पदक' प्राप्त पुलिस अधिकारियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस पत्रिका 2022 का विमोचन किया गया। नैनीताल जनपद की चोरगलिया थाने को सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाने के रूप में सम्मानित किया गया।

राज्य स्थापना दिवस के मुख्य कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि) एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड गौरव सम्मान पुरस्कार-2022 एवं उत्तराखण्ड गौरव सम्मान पुरस्कार-2021 के महानुभावों को सम्मानित भी किया।

उत्तराखण्ड गौरव सम्मान से सम्मानित महानुभावों को सम्मान पत्र, ट्राफी एवं एक लाख रूपये की धनराशि का चेक प्रदान किया गया। उत्तराखण्ड गौरव सम्मान 2022 से भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, कवि लेखक, गीतकार एवं सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी, भूतपूर्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ स्व. जनरल विपिन रावत, कवि लेखक एवं गीताकार स्वं गिरीश चन्द्र तिवारी 'गिर्दा', साहित्यकार एवं पत्रकार स्व. श्री वीरेन डंगवाल को सम्मानित किया गया। जबकि 2021 के उत्तराखण्ड गौरव सम्मान से उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. नारायण दत्त तिवारी, पर्यावरणविद् डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, साहित्यकार रस्किन बॉण्ड, साहसिक खेल के क्षेत्र में बछेन्द्री पाल तथा संस्कृति एवं लोक कला के क्षेत्र में नरेन्द्र सिंह नेगी को सम्मानित किया गया। प्रसून जोशी एवं नरेन्द्र सिंह नेगी कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किये गये। उत्तराखण्ड गौरव सम्मान के अन्य महानुभावों के परिवारजनों द्वारा सम्मान लिया गया।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन से जुड़े सभी ज्ञात-अज्ञात, अमर शहीदों और आंदोलनकारियों को नमन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे पिछले डेढ साल से मुख्य सेवक के दायित्व का निर्वहन पूरी क्षमता से करने की कोशिश कर रहे हैं। कोई ऐसा वर्ग नहीं है जिसके लिए राज्य सरकार ने योजना न बनाई हो या कार्य न किया हो। सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है, जनता के प्रति जवाबदेह है, भरोसेमंद है तथा अपने कार्य में दक्षता से कार्य कर रही है। राज्य सरकार का प्रयास है कि जहां संभव हो सरकारी नौकरियों द्वारा या युवाओं की स्किल में बढोत्तरी कर प्राइवेट सेक्टर में उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर या फिर स्वरोजगार सम्बंधी नीतियों को सरल बनाकर अधिक से अधिक युवाओं को भली प्रकार जीवन यापन के संसाधन मुहैया कराए जा सकें। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के युवा हमारा भविष्य हैं और हम युवाओं साथ धोखा करने वालों के खिलाफ किसी भी सख्त कार्यवाही को करने से पीछे नहीं हटेंगे।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, सांसद श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक विनोद चमोली श्रीमती सविता कपूर, मेयर सुनील उनियाल गामा, मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु, डीजीपी अशोक कुमार, शासन, पुलिस एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य महानुभाव उपस्थित थे।





## भाजपा मुख्यालय में मनाया गया राज्य स्थापना दिवस



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 9 नवंबर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बलवीर रोड स्थित भाजपा कार्यालय में विभिन्न विकास कार्यों परआधारित प्रदर्शनी का सुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक उमेश शर्मा काऊ एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

# कहाँ गायब हो गए 2000 के गुलाबी नोट






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट, 9 नवम्बर , क्या आपको याद है कि 6 साल पहले यानी 8 नवंबर को 500 और 1000 रुपए के 15.52 लाख करोड़ रुपए अर्थव्यवस्था से बाहर हुए। फिर हमारे जीवन में आये 500 रुपए के नए और 2000 रुपए के बड़े नोट । इनमें से 500 वाले नोट तो मार्केट में हैं, लेकिन चुपके से 2000 वाले नोट गायब हो गए। देश में साल 2017-18 के दौरान 2000 के नोट सबसे ज्यादा चलन में रहे। तब बाजार में 2000 के 33,630 लाख नोट थे, जिनकी संख्या साल दर साल कम होती गई।लोगों के गुलाबी सपनों को सच करने वाला 2 हजार का गुलाबी नोट कहां गायब होता जा रहा है? नए नोट सरकार छाप नहीं रही, और चलन में भी इनकी कमी होती जा रही है. सरकार ने लोकसभा में कहा था कि वित्त वर्ष 2020 और 2021 में 2 हजार का कोई नया नोट नहीं छापा गया है. आरबीआई का डेटा बताता है कि 2019 में एक लाख नोटों में 2 हजार के नोटों (Bank Note) की संख्या 32910 होती थी जो मार्च 2021 तक घटकर 24510 नोट रह गई. वहीं कुल सर्कुलेशन जो करीब 30 लाख करोड़ रुपए का है उसमें से 2 हजार के नोटों का मूल्य 2019 में 6 लाख 58 हजार 199 करोड़ था. जो साल 2020 में घटकर 4 लाख 90 हजार 195 करोड़ रह गया.

31 मार्च 2021 को जो कुल नोट चलन में थे उनमें 85 प्रतिशत मूल्य से अधिक के 2 हजार और 500 के नोट थे. वहीं 31 मार्च 2020 में ये आंकडा 83 प्रतिशत था. यानी ऐसा माना जा सकता है कि सर्कुलेशन में 500 के नोटों की संख्या बढ़ गई है. एक कारण इसका ये भी माना जा रहा है कि छोटे लेनदेन में 2 हजार के नोटों के कारण दिक्कतें पेश आ रही थीं लिहाजा 500 और 100 के नोटों की संख्या 2 हजार के नोट की तुलना में अधिक होती दिख रही है.छोटे लेनदेन में लोगों को परेशानी ना हो इसलिए एटीएम से 2 हजार के नोट कम और 500 के नोट ज्यादा निकल रहे हैं. काफी एटीएम में 2 हजार के खांचे की जगह 500 के नोटों वाला खांचा लगाया जा रहा है.

# नाक में ऊँगली मत डालना, दिमाग सिकुड़ जायेगा : रिसर्च





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 9 नवम्बर। जाने-अनजाने में आप हों या कोई और मौका मिलते ही अपनी नाक में उंगली डालते रहते हैं। लेकिन अजीब सी हरकत समझे जाने वाली यह आदत गंभीर दिमागी बीमारी का कारण भी बन सकती है। जिसमें मस्तिष्क की सेल्स नष्ट होने लगती हैं और दिमाग सिकुड़ने लगता है। अल्जाइमर एक न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है, जिसमें धीरे-धीरे दिमाग सिकुड़ने लगता है और मस्तिष्क की कोशिकाएं नष्ट होने लगती हैं। इस बीमारी के कारण मस्तिष्क में मौजूद हिपोकैंपस हिस्सा सबसे पहले प्रभावित होता है, जो कि सीखने और याद रखने का काम करता है। एक अनुमान के मुताबिक, करीब 40 लाख भारतीयों को किसी ना किसी तरह का डिमेंशिया है।

नाक में उंगली डालना एक ऐसी आदत है, जिसे देखकर घिन आने लगती है। आसपास बैठे लोगों को यह हरकत असहज कर देती है। कुछ लोग तो नाक में उंगली डालने के साथ नाक के बाल भी नोंचते हैं। लेकिन इन लोगों के लिए एक खतरनाक खबर सामने आई है, जिसे सुनकर पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। दरअसल, एक रिसर्च के मुताबिक, नाक में उंगली डालना या नाक के बाल नोंचने से आपको खतरनाक दिमागी बीमारी अल्जाइमर और डिमेंशिया (Alzheimer's disease and Dementia) हो सकती है। जिसमें दिमाग सिकुड़ने लगता है।


**क्या कहती है शोध ?**

साइंटिफिक रिपोर्ट्स में छपी ग्रिफिथ यूनिवर्सिटी की रिसर्च के मुताबिक, नाक में उंगली डालने से अल्जाइमर्स डिजीज और डिमेंशिया जैसी बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। क्योंकि, हमारी नाक में मौजूद ओलफेक्ट्री नर्व (olfactory nerve) दिमाग से सीधी जुड़ी होती है और वायरस व बैक्टीरिया इस रास्ते से होते हुए सीधे दिमाग की कोशिकाओं तक पहुंच जाते हैं। क्लेम सेंटर फॉर न्यूरोबायोलॉजी और स्टेम सेल रिसर्च सेंटर में हुए शोध के प्रमुख प्रोफेसर जेम्स सेंट जॉन ने बताया कि यह अध्ययन चूहों पर किया गया था। जिसमें देखा गया कि अल्जाइमर और डिमेंशिया का कारण बनने वाला बैक्टीरिया नाक की नली से होते हुए चूहों के अंदरुनी दिमाग में पहुंच जाता है और फिर अल्जाइमर के लक्षण (Alzheimer's Disease Symptoms) जैसे संकेत मिलने लगते हैं।

# इन टिप्स को करेंगे फॉलो तो बुढ़ापे में भी फील करेंगे जवां-जवां...

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

40 के बाद लोगों के चलने-फिरने में परेशानी का अनुभव होने लगता है, खासकर महिलाओं को. इस उम्र में गठिया रोग की शिकायत लोगों को बहुत होती है. इसका कारण होता है हड्डियों का कमजोर पड़ना जो उम्र बढ़ने के साथ होती ही है. लेकिन आप सही दिनचर्या का पालन करें तो बुढ़ापे में भी आप जवां-जवां महसूस करेंगे. यहां पर हम आपको कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं जिसको फॉलो करके बुढ़ापे (tips for old age) के इस समस्या को कम कर सकते हैं. बुढ़ापे में अपनाएं ये टिप्स । Follow these tips in old ageसुबह में टहलने की आदत जरूर डालें क्योंकि ताजी हवा फेफड़ों के लिए बहुत अच्छी होती है. और इससे आपके बॉडी का ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होगा.वहीं, हड्डियों को मजबूत रखने के लिए रात में दूध पीना, हरी सब्जियां खाना, विटामिन डी फूड का सेवन आपको मजबूत बनाए रखने का काम बखूबी करेगा. इसके अलावा आप अगर खुद को जवां रखना चाहती हैं तो अपने आहार में विटामिन सी (Vitamin c food) वाले फूड को शामिल करें. इससे ना सिर्फ आपके बाल सफेद होने से बच जाएंगे बल्कि चेहरे की भी चमक बनी रहेगी. आप संतरे, मौसंबी, अनार, सेब आदि को खाएं. सकारात्मक रहना भी आपकी सेहत को अच्छा रखता है. आप अगर किसी तरह का स्ट्रेस लेते हैं तो चेहरे पर दिखाई पड़ने लगता है जिसके कारण आप उम्र से पहले ही कमजोर दिखाई पड़ने लग जाएंगे.



# गैरसैंण में चमोली पुलिस की भव्य रैतिक परेड़ की सीएम धामी ने ली सलामी






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली, 9 नवम्बर। उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की 22वीं वर्षगांठ के शुभअवसर पर राज्य की ग्रीष्म कालीन राजधानी गैरसैंण विधानसभा भवन, भराडीसैण जनपद चमोली में भव्य रैतिक परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस व आईटीबीपी की रैतिक परेड का मान-प्रणाम ग्रहण कर परेड का निरीक्षण किया गया और भव्य रैतिक परेड की सराहना की गयी। रैतिक परेड़ की फर्स्ट कमांडर पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन नताशा सिंह रहीं। जिन्होनें अपनी बुलंद आवाज एवं बेहतर कमांड से उपस्थित जनों का ध्यान खींचा।विभिन्न स्कूल-कॉलेज व संस्थानों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा चारधाम यात्रा/हेमकुण्ड साहिब यात्रा में पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से यात्रा के सफल संचालन में अपना शत प्रतिशत योगदान देने वाले 04 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी, पुलिस उपमहानिरीक्षक राजीव स्वरुप , जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेन्द्र डोबाल, पुलिस उपाधीक्षक चमोली प्रमोद कुमार शाह, पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग अमित कुमार सैनी व अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें।



# हिमाचल में भाजपा स्टार प्रचारक सतपाल महाराज की चुनावी सभायें सुपरहिट

## विकास भाजपा ने किया है और भाजपा ही करेगीः सतपाल महाराज





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

शिमला/देहरादून , 9 नवम्बर , उक्त बात हिमाचल प्रदेश के विभिन्न विधानसभा चुनाव क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में एक के बाद एक ताबड़तोड़ जनसभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा के स्टार प्रचारक और उत्तराखंड के पर्यटन, लोक निर्माण, संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में प्रदेश में जमकर विकास हुआ है। कोरोना महामारी को हराकर हिमाचल देश का पहला ऐसा राज्य बना जहां शत-प्रतिशत टीकाकरण हुआ। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रदेश में 1,44,258 युवाओं ने पंजीकरण कराया है, जिसमें 1,35,137 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया।

भाजपा के स्टार प्रचारक उत्तराखण्ड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने रोहड़ू ग्राऊंड में भाजपा प्रत्याशी शशीबाला, सांगला (किन्नौर विधानसभा) से भाजपा प्रत्याशी सूरत सिंह और रामपुर में भाजपा प्रत्याशी कौल सिंह के समर्थन में एक के बाद एक ताबड़तोड़ चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होने कहा कि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में 71 परियोजनाओं पर 285.44 करोड़ और शिमला में 279 करोड़ रुपये खर्च किए गए। भाजपा के कार्यकाल में भानुपल्ली-बिलासपुर-बेटी परियोजना, मंगल-तलवाड़ा उपरियोजना, बिलासपुर मनाली-लेह परियोजना से संबंधित कार्यों में तेजी आई। स्वावलंबन योजना के तहत 860 करोड़ रूपये के निवेश से 4862 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई और 147 करोड़ की सब्सिडी भी प्रदान की गई। स्टार्ट-अप योजना के तहत 11.35 करोड़ रुपये की लागत से 191 स्टार्ट-अप और 12 इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किये गये।

महाराज ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 1,44,258 युवाओं ने पंजीकरण कराया है, जिसमें 1,35,137 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। कोविड महामारी के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के माध्यम से 28.64 लाख लोगों को मुफ्त राशन प्रदान किया गया। राज्य सरकार द्वारा कृषि बजट में 40.65%, वागवानी बजट में 85.27%, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन बजट में 46.30% की वृद्धि की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनाद्द के तहत 9.83 लाख किसानों को र 1532.38 करोड़ दिए गए। हिमाचल सरकार द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से 4.36 लाख किसानों को खेती के लिए अल्पकालिक ऋण उपलब्ध करवाये गये। हिमाचल प्रदेश देश का पहला धुंआं मुक्त राज्य बना और गृहिणी सुविधा योजना से 4.43 लाख परिवारों को लाभ पहुंचा है।

उन्होने कहा केंद्र की मोदी सरकार व राज्य की जयराम सरकार ने हाटी समुदाय की दशकों पुरानी अनुसूचित जनजाति के दर्जे की मांग को पूरा किया। युद्धवीर विधवाओं की पुत्री की शादी के लिए 50,000 आर्थिक सहायता प्रदान की। युद्ध ऑपरेशन के समय शहीद/दिव्यांग हुए सैनिकों को गत चार वर्षों में 215 सैनिकों को भाजपा सरकार द्वारा 16.45 करोड़ की सहायता दी गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के लोगों को अटल टनल का उपहार देकर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के सपने को साकार किया। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश में युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए AIMS बिलासपुर और IIM सरोद जैसे संस्थान स्थापित किये।

उन्होंने मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित है और विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। इसलिए हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि विकास भाजपा ने किया है और भाजपा ही करेगी।

# ऋषिकेश में वित्तमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश 9 नवंबर , राज्य स्थापना दिवस पर क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने आंदोलनकारियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की ऋषिकेश के रेलवे रोड स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री डॉ अग्रवाल ने कहा कि आंदोलनकारियों और शहीदों के अथक प्रयासों से 9 नवंबर सन 2000 को उत्तराखंड राज्य का उदय हुआ। 23वें वर्ष में प्रवेश करने पर मंत्री डॉ अग्रवाल ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को भ्रष्टाचार मुक्त व 2025 तक देश के अग्रणी राज्यों में उत्तराखंड को शामिल करने का है।

डॉ अग्रवाल ने कहा कि जन भावनाओं के अनुरूप राज्य के विकास की दिशा का निर्धारण पर ध्यान दिया जा रहा है। हमारा प्रयास आगामी 5 सालों में प्रदेश के ग्रोथ रेट को दोगुना करने का है। प्रदेश के विकास की हमारी अकेले की नहीं बल्कि 1.25 करोड़ प्रदेशवासियों की सामूहिक यात्रा है।डॉ अग्रवाल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार का उत्तराखंड में लाभ मिल रहा है प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार उत्तराखंड के चहुंमुखी विकास के लिए समर्पित भाव से जुड़ी है लोगों को योजनाओं का लाभ मिले और उनकी समस्याओं का समाधान हो इसके लिए सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि पर खासतौर पर फोकस किया गया है।

जिलाध्यक्ष रविन्द्र नेगी ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों व शहीदों के अनुरूप आदर्श उत्तराखंड 2025 को अपना मंत्र बनाकर त्वरित गति से कार्य शुरू कर दिए हैं। आजादी के अमृत काल के लिए आगामी 25 सालों की योजना तैयार की जा रही है। एसडीसी के लक्ष्यों को प्राप्त करने में हमारा उत्तराखंड अग्रणी राज्य रहा है।

इस मौके पर मेयर अनिता ममगाई, जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा, मंडल अध्यक्ष दिनेश सती, महामंत्री सुमित पवार, जयंत शर्मा, बृजेश शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल, पार्षद रीना शर्मा, अहिव कुमार गौतम, राजेश दिवाकर, वीरेंद्र रमोला, विजेंद्र मोघा, प्रदीप कोहली, राजू नरसिम्हा, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष उषा जोशी, रूपेश गुप्ता, संजीव सिलस्वाल, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नितिन सकसेना, सतीश सिंह, स्वाति शर्मा, माधवी गुप्ता, मोनिका गर्ग, मनोज ध्यानी, अशोक पासवान, मानवेन्द्र कंडारी आदि उपस्थित रहे।



# छात्रों ने आदर्श नागरिक के रूप में कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली

## मॉडल महाविद्यालय, मीठीबेरी के विद्यार्थियों ने मनाया उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 9 नवम्बर , राजकीय मॉडल महाविद्यालय मीठीबेरी की सांस्कृतिक परिषद के तत्वाधान में उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ सुनील कुमार के द्वारा किया गया।

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य के द्वारा इस अवसर पर विचार व्यक्त किए गए एवं उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य की स्थापना अनेकों शहीदों के बलिदानों का प्रतिफल है तथा हमें राज्य के आदर्श नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। महाविद्यालय के प्राध्यापकों के द्वारा इस अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा इस अवसर पर अपने विचारों की प्रस्तुति दी गई।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो० सतेन्द्र कुमार, डॉ अरविन्द वर्मा, डॉ कुलदीप चौधरी, डॉ सुनीता, डॉ सुमन पांडेय, डॉ लक्ष्मी मनराल एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में वरिष्ठ सहायक शशिधर उनियाल, कुलदीप सिंह एवं स्वयंसेवियों में ईशा, काजल, प्रियंका, गुलफाम, प्रिया, मिथलेश, मनीषा, आंचल, सपना, मंजिली, दिव्या आदि ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।



# एसएसपी प्रदीप राय की सतर्क नजरों ने दबोचा शातिर शराब तस्कर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा , 9 नवम्बर , अल्मोड़ा पुलिस की एसओजी एएनटीएफ ने मिलकर एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। अल्मोड़ा पुलिस की जॉइंट टीम ने कार में डिग्गी व अन्य जगह बनाये गये केबिनों मे छुपाकर अवैध शराब की तस्करी कर रहे 2 तस्करों को भारी मात्रा में दिल्ली/चंडीगढ़ मार्का अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर कार को सीज कर दिया है।

एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने जनपद की एस0ओ0जी0/एएनटीएफ एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को मादक पदार्थों की तस्करी व अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाये जाने हेतु सघन चैकिंग अभियान चलाकर नशा तस्करों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश पर जनपद पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही के सख्त निर्देश दिए हैं।

इसी कड़ी में कामयाबी के साथ आगे बढ़ते हुए सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद और ओशिन जोशी सीओ ऑपरेशन के नेतृत्व में SOG प्रभारी सुनील सिंह धानिक व ANTF प्रभारी सौरभ भारती द्वारा एसओजी टीम के साथ चैकिंग के दौरान चिड़ियाघर के सामने बल्डोटी बैण्ड पर वाहन संख्या DL-10CB-4797 कार को रोककर चैक करने पर वाहन में बैठे 02 युवकों के कब्जे से कुल 258 बोतल दिल्ली/ चण्डीगढ़ मार्का अग्रेजी शराब बरामद कर दोनों को गिरफ्तार किया गया है।

अवैध शराब तस्करी में प्रयुक्त वाहन को सीज कर कोतवाली अल्मोड़ा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई। वाहन चैक किये जाने पर कार के डिग्गी व अन्य जगह गुप्त रुप से केबिन बनाया गया था, जिसमें अवैध शराब बरामद हुई, 02 युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ पर बताया कि अवैध शराब दोनों दिल्ली/हरियाणा से जनपद अल्मोड़ा/पिथौरागढ़ के क्षेत्रों में बेचने हेतु ले जा रहे थे, जिसमें सतेन्द्र दिल्ली में ओला चालक है व दीपांशु वत्स मुंशी का काम करता है। एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु 2,500 रुपये ईनाम से पुरुस्कृत किया है।



# उत्तराखण्ड विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा रहा है कदम : ऋतू खंडूरी, विधानसभा अध्यक्ष





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

गैरसैंण 9 नवंबर , उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण विधान सभा परिसर में राज्य स्थापना दिवस की 22वीं वर्षगांठ पूरी गरिमा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईटीबीपी, पुलिस के जवानों द्वारा आयोजित रैतिक परेड को सलामी दी। इस मौके पर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों को नमन करते हुए प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल एवं रुद्रप्रयाग विधायक भरत चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

भराड़ीसैंण विधान सभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों एवं सांस्कृतिक दलों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विभागों द्वारा हस्तशिल्प, हथकरघा, स्थानीय उत्पाद एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ वितरण हेतु स्टॉल भी लगाए गए। मुख्यमंत्री ने करोड़ों की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर उत्कृष्ट व सराहनीय सेवा देने वाले पुलिस के जवानों को सम्मानित किया गया। वहीं उत्तराखंड राज्य के आंदोलनकारियों को भी मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 22 साल के सफर में उत्तराखंड ने सफलता के कई मुकाम हासिल किए। कई चुनौतियों का सामना किया। कुछ में सफलता हाथ लगी और कुछ में जूझने, संघर्ष करने, नई राह तलाश करने का दौर जारी है। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य निर्माण से लेकर उत्तराखण्ड दृढ़ता पूर्वक विकास के रास्ते पर कदम आगे बढ़ा रहा है। यह उत्तराखण्ड वासियों के दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है जल्दी ही हमारा प्रदेश विकास के नए-नए सोपान तय करेगा। उन्होंने कहा की हमें प्रदेश के लिए जीना है, काम करना है, इस भावना के साथ किये गये छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े नतीजे ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि निष्ठा और ईमानदारी के साथ रोज के कामकाज करते हुए भी प्रत्येक व्यक्ति राज्य की उन्नति में योगदान दे सकता है।

विधानसभा अध्यक्ष ने परेड की कमान संभाल रही पुलिस उपाधीक्षक नताशा सिंह की सराहना करते हुए कहा की आज महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रही है। उन्होंने कहा की केंद्र व राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की देश एवं प्रदेश में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है, महिलाएं समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बन रही हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिला समूहों को अध्यक्ष विवेकाधीन कोष से प्रोत्साहन राशि के रूप में 5- 5 हजार रूपए देने की घोषणा भी की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में पलायन को रोकने के लिए प्रभावी योजनाओं का क्रियान्वयन होने से रोजगार के नए अवसर युवाओं को पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन एवं उद्योगों की अपार क्षमताएं हैं जो कि प्रदेश के विकास में मील के पत्थर साबित हो रही हैं।

# राज्य संघर्षों और बलिदान के बाद मिला है : गणेश जोशी, मंत्री




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रपुर, 9 नवम्बर । उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 22वी वर्षगाँठ के सुअवसर पर रुद्रपुर में बीजेपी जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जनपद प्रभारी मंत्री एवं काबीना मंत्री गणेश जोशी ने प्रतिभाग किया।इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी उपस्थित लोगों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आज राज्य अपनी 22वी वर्षगाँठ मना रहा है,और 23वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। ये राज्य हम बड़े संघर्षों और बलिदान के बाद मिला है।

मंत्री जोशी ने कहा कि उत्तराखंड के निर्माण की इस लड़ाई में बच्चे, बूढ़े, युवा और प्रदेश की मातृशक्ति सभी ने मिलकर इस लम्बी लड़ाई को लड़ा। मंत्री जोशी ने भारत रतन, परम श्रद्धेय भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को नमन करते हुए कहा अटल जी ने न केवल उत्तराखंड राज्य का गठन किया परन्तु राज्य के विकास के लिए विशेष राज्य का दर्जा तथा आर्थिक पैकेज भी प्रदान किया। मंत्री जोशी ने कहा पूर्व में जिस प्रकार अटल बिहारी वाजपेयी जी का आशीर्वाद प्रदेश की जनता को मिला उसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का स्नेह प्रदेश के लोगों को मिल रहा है।

प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के युवा नेतृत्व में हमारा राज्य तेजी से विकास के मार्ग पर बढ़ रहा। मंत्री जोशी ने कहा राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप प्रदेश के चौमुखी विकास के लिए राज्य सरकार निरंतर अग्रसर है। इस अवसर पर प्रदेश संयोजक तरुण बंसल, महापौर रामपाल सिंह, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, निवर्तमान जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, प्रदेश महामंत्री विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह, हरीश भट्ट, भरत भूषण, अनिल चौहान, मंडी अध्यक्ष केके दास, उपेंद्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# ओहो उत्तराखण्ड रंगोत्सव-''एक शाम उत्तराखण्डी संगीत और संस्कृति के नाम'' हुआ आयोजित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 9 नवम्बर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर दून विश्वविद्यालय के डॉ. नित्यानंद ऑडिटोरियम में आयोजित ओहो उत्तराखण्ड रंगोत्सव-''एक शाम उत्तराखण्डी संगीत और संस्कृति के नाम'' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध लोक गीत बेडू पाको के रिक्रिएशन गीत का लोकार्पण करने के साथ ही टीम बेडू पाको के सदस्यों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न समाज सेवियों को उत्तराखण्ड इंस्पायर अवार्ड के साथ ही राज्य में महिला सशक्तिकरण, पारम्परिक खेती कृषि एवं बागवानी तथा शिक्षा आदि के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वालों को ''मैं उत्तराखण्ड हूँ'' सम्मान से सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 25- 30 वर्ष पूर्व हम सभी ने देखा है कि हमारे घरों में रेडियो का बड़ा प्रचलन हुआ करता था। हम सभी उसके माध्यम से राष्ट्रीय समाचारों को, प्रसिद्ध गीतों को और अपने प्रदेश के लोक गीतों को सुना करते थे और आनंद से अभिभूत हो जाया करते थे। हमने यह भी देखा है कि पहले किसी-किसी गांव में सिर्फ एक-दो घरों में ही रेडियो हुआ करता था। जिसके माध्यम से चौपाल में काफी लोग एकत्रित होकर उस पर आने वाले अपने-अपने पसंदीदा कार्यक्रमों को सुना करते थे।

उन्होंने कहा कि लोगों को जोड़ने का, लोगों में एकता बढ़ाने का, खुशी देने का सबसे अच्छा माध्यम यदि है तो वह रेडियो ही है। यह बड़ी प्रसन्नता का विषय है कि ओहो रेडियो ने उत्तराखंड में रेडियो को जिंदा रखने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के लिए रेडियो का चुनाव करना निश्चित रूप से रेडियो की विलुप्त होती भूमिका का संरक्षण और इसकी पुनर्स्थापना करने का एक प्रयास भी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश व दुनिया में भारत का मान व सम्मान बढ़ा है। आज देश में एक ऐसा नेतृत्व है जिसकी स्वीकार्यता सम्पूर्ण विश्व में है। वैश्विक मंचों पर भारत का महत्व बढ़ा है। धर्म एवं संस्कृति को महत्व दिये जाने के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना साकार हो रहा है। देश आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। देश के सांस्कृतिक स्थलों का विकास हो रहा है। भव्य राम मंदिर निर्माण एवं भव्य काशी विश्वनाथ कॉरिडोर इसके प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि केदारनाथ पुनर्निर्माण एवं बदरीनाथ धाम के सौंदर्यीकरण पर एक हजार करोड़ के कार्य किये जा रहे हैं। राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति को आगे बढ़ाने के निरंतर प्रयास हो रहे हैं। हरेला और इगास के पर्व इसके प्रमाण हैं। आने वाले समय में राज्य के अन्य त्योहारों को भी मनाये जाने के प्रयास किये जायेंगे। इसमें हम सबको सामूहिक रूप से जिम्मेदारी निभानी होगी तभी हम अपनी संस्कृति एवं परम्पराओं की जड़ों से जुड पायेंगे। आधुनिकता के इस दौर में अपनी संस्कृति से जुड कर हमें हमारे पूर्वजों का भी आशीर्वाद मिलेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमांत गांव माणा को उनके द्वारा अंतिम के बजाय देश का प्रथम गांव बताए जाने पर प्रधानमंत्री ने सहमति प्रदान कर देश के सीमांत गांवों को अंतिम के स्थान पर प्रथम गांव बताया गया है।

यह हमारे लिये ही नहीं देश के सीमांत क्षेत्रों के

# कैबिनेट मंत्री चन्दन राम दास ने पौड़ी में परखी विकास कार्यों की रफ्तार





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 9 नवम्बर, कैबिनेट मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री चंदन राम दास की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ जिला योजना तथा अन्य विकास कार्यो के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। कैबिनेट मंत्री ने सभी विभागीय अधिकारियों से जिला योजना व अन्य विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि सभी विभाग गुणवत्ता के साथ अपने कार्यो की प्रगति बढ़ाएं।

उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जिला योजना के अंतर्गत विभिन्न विभागों को स्वीकृत की गयी समस्त धनराशि अवमुक्त करें तथा सभी विभागों से अपेक्षित प्रगति हासिल करवायें। उन्होंने बड़ी परियोजना से जुडे विभागों को निर्देशित किया कि वे बजट की खर्च प्रगति में विशेष तेजी दिखाते हुए आगामी 15 दिसम्बर तक विकास कार्यो की अपेक्षित प्रगति सुधारें तथा शेष विभाग भी 31 दिसम्बर तक अपने विकास कार्यो की प्रगति में व्यापक सुधार लायें। उन्होंने जनता से जुड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यो को पूरा करने के लिए संबंधित कार्यो की डीपीआर बनाते हुए कार्य करने को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने पेयजल विभाग को निर्देशित किया कि पंपिंग योजनाओं का कार्य तथा जहां पाईप लिकेज हैं वहां तत्काल सुधारीकरण का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने पेयजल व विद्युत विभाग को पेयजल आपूर्ति के लिए समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने कृषि व उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि लोगों को स्वरोजगार के प्रति जागरूक करें तथा उन्हें योजनाओं से लाभाविंत करें। जिससे वह अपने ही क्षेत्र में स्वरोजगार कर अपनी आर्थिकी मजबूत बना सकेंगे। कैबिनेट मंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, लोनिवि, विद्युत सहित अन्य विभागों को जनसुविधाजनक कार्यो में विशेष सतर्कता से कार्य करने को कहा। उन्होंने विकास कार्यो की नियमित निगरानी करने, कृषि-उद्यान के साथ-साथ डेयरी, मत्स्य पालन, मौन पालन, मूर्गी पालन व अन्य कृषि सहायक कार्यो को भी बेहतर प्लान के साथ क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये। कैबिनेट मंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सड़कों को गड्ढा मुक्त करने तथा जोखिम सड़क मार्गो पर आवश्यतानुसार सुरक्षात्मक कार्य करने को निर्देशित किया। साथ ही बिना फिटनेस के किसी भी दशा में वाहनों का संचालन न करने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी डॉ0 आशीष चौहान ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में मा0 मंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन करते हुए विकास कार्यो में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि जो कार्य प्रगति पर हैं उन्हें समय से पूर्ण करें। जिससे आम जनमानस को उसका लाभ समय पर मिल सकेगा। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्षा शान्ति देवी, दायित्वधारी मंत्री राजेन्द्र अन्थवाल, स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, नगर पलिकाध्यक्ष पौड़ी यशपाल बेनाम, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, डीएफओ मुकेश कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए संजीव कुमार रॉय, जिला विकास अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पौड़ी में रोडवेज डिपो के लिए भूमि का चयन करें अधिकारी : चंदन राम दास



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी , 9 नवम्बर , प्रदेश के समाज कल्याण और प्रभारी मंत्री राम चंदन दास दो दिवसीय जनपद भ्रमण के तहत पौड़ी स्थित सर्किट हाऊस पहुंचे। इस दौरान परिवहन मंत्री ने निर्माणाधीन राँसी स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने 22 करोड़ की लागत से बन रहे राँसी स्टेडियम, स्पोर्ट्स हॉस्टल, इंडोर मल्टीपरपज स्टेडियम, वॉलीबॉल कोट तथा सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक के लिए चयनित स्थान का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि 10 करोड़ 60 लाख की लागत से 60 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा कर लिए गया है। उन्होंने कहा कि धनराशि के अभाव में रुके स्टेडियम के निर्माण कार्य को शीघ्र ही धनराशि आवंटित कर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि बेहतर गुणवत्ता के साथ कार्य तेजी से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिससे खेल प्रतिभागियों को समय पर विभिन्न तरह के खेलों का आयोजन हेतु लाभ मिल सकेगा। इससे पूर्व प्रभारी मंत्री ने सबदरखाल पंपिंग पेयजल योजना का ट्रीटमेंट प्लांट एवं इंटेक वेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 17 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन पंपिंग योजना का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण पाया गया। प्रभारी मंत्री ने शेष कार्य को 15 दिसम्बर तक पूरा करने के निर्देश दिए है।


मंत्री दास ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि पौड़ी में रोडवेज डिपो के लिए भूमि का चयन करें। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने समाज कल्याण के तहत दिए जाने वाली पेंशन को 1200 से बढ़ाकर 1500 किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद में एक-एक नशा मुक्ति केंद्र खोले जाएंगे। कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों के लिए स्पेशल 200 बसों का संचालन जल्द शुरू किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि हर विकास कार्य बेहतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो इसके लिए उन्होंने समस्त अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, नगर पालिका अध्यक्ष पौड़ी यशपाल बेनाम, जिलाधिकारी डॉ0 आशीष चौहान, जिला अध्यक्ष भाजपा सुषमा रावत, अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, उप जिलाधिकारी सदर आकाश जोशी, समाज कल्याण अधिकारी धनंजय लिंगवाल, तहसीलदार सुशीला कोठियाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ बने देश के 50वें प्रधान न्यायाधीश, पिता भी रह चुके हैं CJI

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**





सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति धनंजय वाई. चंद्रचूड़ ने बुधवार को प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) पद की शपथ ली. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में देश के 50वें सीजेआई के रूप में उन्हें शपथ दिलवाई. जस्टिस चंद्रचूड़ के पिता भी देश के सीजेआई रहे हैं. उनके पिता का बतौर सीजेआई करीब सात साल और चार महीने का कार्यकाल रहा था. जो कि सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में किसी सीजेआई का अब तक सबसे लंबा कार्यकाल है. वह 22 फरवरी 1978 से 11 जुलाई 1985 तक प्रधान न्यायाधीश रहे थे.जस्टिस चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 तक दो साल के लिए सीजेआई के पद पर रहेंगे. जस्टिस चंद्रचूड़ ने जस्टिस उदय उमेश ललित की जगह ली है. जिन्होंने 11 अक्टूबर को जस्टिस चंद्रचूड़ को अपना उत्तराधिकारी बनाए जाने की सिफारिश की थी. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें 17 अक्टूबर को अगला सीजेआई नियुक्त किया था.जस्टिस चंद्रचूड़ 11 नवंबर 1959 को पैदा हुए थे. उन्हें 13 मई 2016 को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था. वह 29 मार्च 2000 से 31 अक्टूबर 2013 तक बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायाधीश थे. उसके बाद उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था. न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को जून 1998 में बंबई उच्च न्यायालय द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता नामित किया गया था और वह उसी वर्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किए गए.दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज से अर्थशास्त्र में बीए ऑनर्स करने के उन्होंने कैंपस लॉ सेंटर, दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी किया और अमेरिका के हार्वर्ड लॉ स्कूल से एलएलएम और न्यायिक विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की.ऐतिहासिक फैसले देने वाली कई पीठों के रहे हिस्साजस्टिस चंद्रचूड़ कई संविधान पीठ और ऐतिहासिक फैसले देने वाली उच्चतम न्यायालय की पीठों का हिस्सा रहे है. इनमें अयोध्या भूमि विवाद, आईपीसी की धारा 377 के तहत समलैंगिक संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने, आधार योजना की वैधता से जुड़े मामले, सबरीमला मुद्दा, सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने, भारतीय नौसेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने जैसे फैसले शामिल हैं.

## संपादकीय

# पूर्वोत्तर में कुपोषण की समस्या

भारत में पीढ़ीगत कुपोषण चिंता का विषय रहा है. बच्चों में इस समस्या का मुख्य कारण बाल विवाह और किशोरावस्था में गर्भधारण है, जिसके स्वास्थ्य, शिक्षा एवं रोजगार पर दीर्घकालिक प्रभाव होते हैं. माता व शिशु तथा किशोरवय में स्वास्थ्य में निवेश के अच्छे परिणाम निम्न व मध्य आय के देशों में देखने को मिलते हैं. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के हालिया रिपोर्ट से पता चलता है कि बाल विवाह में ठहराव है, लेकिन किशोर आयु में गर्भधारण बढ़ा है. पिछले सर्वे की तुलना में इस बार त्रिपुरा और असम में राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक बाल विवाह और कम आयु में गर्भधारण के मामले सामने आये हैं. मणिपुर और मेघालय में राष्ट्रीय औसत से अधिक किशोरावस्था में गर्भधारण होता है. मेघालय में पांच साल से कम आयु के बच्चों के विकास में अवरोध की दर 46.5 है, जो पूर्वोत्तर और देश में सर्वाधिक है. इस मामले में त्रिपुरा की स्थिति भी चिंताजनक है. मणिपुर, सिक्किम और असम में भी यह दर बहुत अधिक है. कुपोषण के साथ-साथ पूर्वोत्तर में पांच साल से कम आयु के बच्चों में अधिक वजन की समस्या भी चिह्नित की गयी है. मेघालय के अलावा क्षेत्र के सात राज्यों में अधिक वजन की समस्या में वृद्धि के रुझान पाये गये हैं. सिक्किम में कम वजन के बच्चों की संख्या में तीन प्रतिशत से अधिक की कमी हुई है, लेकिन अधिक वजन वाले बच्चों की संख्या में एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है. राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों में मोटापा की औसत दर 2.1 प्रतिशत है, पर पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में यह दर इससे अधिक है. स्त्रियों के पोषण को देखें, तो एक ओर दुबली महिलाओं की संख्या 2015-16 के 22.9 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 18.3 प्रतिशत हुई है, लेकिन मोटापा का स्तर 20 से बढ़कर 24 प्रतिशत हो गया है. साथ ही, 15 से 45 साल के आयु वर्ग में खून की कमी से ग्रस्त महिलाओं की संख्या 53 से 57 प्रतिशत हो गयी है. तथ्य इंगित करते हैं कि किशोर महिलाओं से जन्मे बच्चों में बाधित विकास अन्य की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है. गरीबी और लैंगिक भेदभाव पीढ़ीगत कुपोषण के चक्र को और अधिक मजबूत बनाते हैं, जिससे मानसिक और शारीरिक विकास बाधित होता है. कुपोषण की यह स्थिति माता और शिशु में समुचित निवेश की मांग करती है. खून की कमी के रुझान पांच साल से कम आयु के बच्चों, 15 से 49 साल के आयु वर्ग की महिलाओं तथा 15 से 19 साल की लड़कियों में बढ़ते हुए पाये गये हैं. मेघालय के अलावा पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में बच्चों में खून की कमी के मामले बढ़े हैं. यह असम में 68.4, मिजोरम में 46.4, मणिपुर में 42.8 और त्रिपुरा में 64.3 प्रतिशत है.

# मुख्यमंत्री ने "प्रगति पथ से प्रकृति पथ" साइकिल यात्रा को दी शुभकामनाएं

### पद्म भूषण डॉ. अनिल जोशी को इस 'प्रगति पथ से प्रकृति पथ' साइकिल यात्रा के सफल संचालन के लिए दी बधाई

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 9 नवंबर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी ईकोलॉली, पर्यावरण, वन संपदा हमारी सबसे बड़ी सम्पति है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण के लिए हमारी जिम्मेदारी भी सबसे बड़ी है। हमें लोगों को विशेषकर युवाओं को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण के लिए जागरूक करना होगा। इसके साथ ही स्कूली बच्चों को वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित करने के प्रयास पर भी उन्होंने बल दिया।



मुख्यमंत्री ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सर्वे चौक स्थित आई.आर.डी.टी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पद्म भूषण डॉ. अनिल जोशी को उत्तराखण्ड गौरव सम्मान से सम्मानित करते हुए कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके द्वारा किये जाने वाले प्रयासों का भी सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य में गौरा देवी, सुन्दरलाल बहुगुणा, जैसे महान पर्यावरणविद् हुए है। जो हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। पद्म भूषण डॉ अनिल प्रकाश जोशी पर्यावरण के प्रहरी तो हैं ही साथ ही हमारे लिए विशेष गौरव की बात है कि वह समय समय पर हमारा मार्गदर्शन भी करते रहे हैं कि किस तरह हम प्रगति और प्रकृति के बीच सामंजस्य बैठाते हुए विकास की परिभाषा गढ़ें जो सिर्फ उत्तराखंड या हिमालयी राज्यों के लिए ही नहीं बल्कि विश्व के अन्य देशों के लिए भी एक मिसाल बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पद्म भूषण डॉ. अनिल जोशी के नेतृत्व में 7 राज्यों से गुजरी 40 दिवसीय प्रगति से प्रकृति पथ यात्रा पूरे उत्तराखंड के लिए भी एक उपलब्धि है जिसके माध्यम से उन्होंने यात्रा मार्ग में अपने संवाद से हजारों लोगों के मन में पर्यावरण के प्रति चेतना जगाई और हमारे प्रदेश का मान बढ़ाया है।




इस यात्रा के दौरान हुए अविस्मरणीय अनुभव निश्चित रूप से उत्तराखंड के विकास में उत्प्रेरक का काम करेंगे और इकोनॉमी तथा इकोलॉजी में संतुलन बनाते हुए विकास के नए आयाम गढ़ने में सहायक होंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड के प्रति विशेष लगाव सर्वविदित है। उन्होंने उत्तराखण्ड को स्वर्ग की संज्ञा दी है। प्रधानमंत्री जी ने माणा में अपने संबोधन में सभी लोगों से अपनी यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत धनराशि वहां के स्थानीय उत्पादों के क्रय पर व्यय करने की बात कही है इससे स्थानीय उत्पादों के उत्पादन एवं विपणन में लाभ मिलेगा। तथा हमारी स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी मातृशक्ति का भी सम्मान और आर्थिकी मजबूत होगी।




मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक उत्तराखण्ड देश के श्रेष्ठ राज्यों में अपनी पहचान बनाये इस दिशा में हमें मिल जुलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के समग्र विकास की दिशा निर्धारण के लिए बोधिसत्व विचार श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। अब तक 7 से ज्यादा विचार श्रृंखलाएं आयोजित की जा चुकी हैं जिसमें पद्म भूषण डॉ. अनिल जोशी के साथ ही नीति आयोग एवं विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों के विचार राज्य के समग्र विकास का मॉडल तैयार करने में निश्चित रूप से सहायक होंगे।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, फिल्म अभिनेत्री दिया मिर्जा, सचिव विनोद सुमन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन यू-कॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने किया।

# त्यूनी, चकराता राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण विस्तारीकरण जल्द होगा : सतपाल महाराज

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 9 नवंबर। प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि त्यूनी चकराता राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 707(A) का चौड़ीकरण व विस्तारीकरण के कार्य के लिए जल्दी ही अनुबंध करने के साथ साथ सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाएगा।लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश की सड़कों गढ्डा मुक्त करने का अभियान मुस्तैदी के साथ चल रहा है। अधिकांश क्षेत्रों में कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। उन्होने त्यूनी चकराता राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 707(A) के चौड़ीकरण व विस्तारीकरण के कार्य के लिए जल्दी ही अनुबंध करने के साथ साथ सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की बात कही है।मंत्री सतपाल



महाराज ने कहा कि निनूस दारमीगाड़ मोटर मार्ग जिसकी लम्बाई 5 किमी है उसके डामरीकरण का कार्य शासन स्तर पर प्रक्रियाधीन है और 60 से 65 किमी तक के चकराता लाखामण्डल मोटर मार्ग (SH-18) के नवीनीकरण के और प्रस्तावित राज्य मार्ग संख्या-17 त्यूनी-पुरोला-नौगांव मोटर मार्ग 1से 20 किमी तक के नवीनीकरण का कार्य एसडीबीसी द्वारा शीघ्र किया जाएगा।

दैनिक न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक : मौ. सलीम सैफी

कार्यकारी सम्पादक आशीष तिवारी

दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com

RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा

# यादें, शपथ ग्रहण 9 नवंबर सन् 2000 की जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कुर्सी पर बैठे बैठे मेज़बान से मेहमान हो गए और नित्यानंद स्वामी शहंशाह-ए-उत्तराखंड बन गए

**मो.सलीम सैफी (तब भी पत्रकार थे,आज पत्रकार है)**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

- राजनाथ सिंह की एक फटकार से उस दिन कांप उठा था एक कलेक्टर और खौफ में था पुलिस कप्तान
- शपथ थी नित्यानंद स्वामी की और नारे लग रहे थे भगतदा जिंदाबाद
- भगतदा मुख्यमंत्री तो नही बने थे मगर सुपर मुख्यमंत्री से कम नहीं थे।
- नौजवान पुष्कर धामी तब भी धाकड़ था अब धाकड़ है,तब 220 वोल्ट का करंट था अब 440 का झटका है।
- डॉ निशंक का मिशन मुख्यमंत्री हो गया था फेल
- जसपाल राणा के कमांडो पिता बने थे खेल मंत्री और तीरथ सिंह रावत बने शिक्षा मंत्री
- राजघराने से ताल्लुक रखने वाले अजय विक्रम सिंह बने पहले मुख्य सचिव और ए.के.शरण पुलिस महानिदेशक, सुभाष कुमार बने थे सचिव मुख्यमंत्री

9 नवंबर सन् 2000,यही वो दिन था जो ऐतिहासिक दिन बना,क्योंकि यही वो दिन था जिस दिन एक लंबे संघर्ष ने,आंदोलन ने भारत के इस पवित्र आंचल को उत्तरांचल (अब उत्तराखंड) के रूप में भारत गणराज्य का एक स्वतंत्र राज्य बनाया था,मैं साक्षी बना उस लम्हे का जब सालों के संघर्ष के बाद यहां की आवाम को अपना राज्य मिला,अपना मुख्यमंत्री मिला,अपनी स्वतंत्र पहचान और स्वाभिमान का अंदाज़ मिला,जब उत्तर प्रदेश से विभाजित होकर ये राज्य अस्तित्व में आ रहा था और मंच से बुजुर्ग भाजपा नेता नित्यानंद स्वामी जी बतौर मुख्यमंत्री शपथ ले रहे थे, परेड ग्राउंड में हर किसी की आंखे नम थी और मंच पर बैठे बैठे शपथ पूरी होते होते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह मेज़बान से मेहमान हो गए,नित्यानंद स्वामी जी मेहमान से मेज़बान बन गए,मै दूरदर्शन न्यूज की अधिकृत एजेंसी BAG NEWS के प्रतिनिधि के तौर पर दूरदर्शन समाचारों के लिए स्वतंत्र उत्तरांचल राज्य का प्रथम अधिकृत राज्य प्रभारी(स्टेट ब्यूरो चीफ)बन गया,एक सुखद अनुभूति थी,आदरणीय भगतदा, डॉ.निशंक, तीरथ सिंह रावत और जसपाल राणा के पिता नारायण सिंह राणा जी स्वामी मंत्रिमंडल के सबसे मजबूत मंत्री बने और पूर्व विधायक क़ाज़ी निजामुद्दीन के पिता बड़े क़ाज़ी साहब प्रोटेम स्पीकर बने। बाद में स्वामी मंत्री मंडल से 3 मंत्री अब तक मुख्यमंत्री भी बन चुके है,सबको उम्मीद थी कि प्रदेश के जननेता और सर्वमान्य नेता आदरणीय भगतदा 9 नवंबर 2000 को प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री होंगे लेकिन अटल जी की हठ ने स्वामी जी को मुख्यमंत्री बना दिया हालांकि डॉ निशंक को मुख्यमंत्री मानते हुए चापलूसों ने घेर रखा था,खैर साल 2000 में राजनीति के शे और मात के खेल के बीच एक सौम्य,सरल,व्यवहार कुशल और तेजतर्रार नौजवान ₹पुष्कर धामी₹ (वर्तमान मुख्यमंत्री)भगतदा के दरबार में सबसे ज्यादा सक्रिय रहता था जो डॉ निशंक और बाक़ी इच्छाधारियो के आका बनने के हर मिशन को डिफ्यूज करता रहता था,बस वो एक ही गुणाभाग में रहता था कि भगतदा को उनका अधिकार कैसे दिलाया जाए,कैसे वो मुख्यमंत्री बने,धामी जी के अलावा एक दूसरा लड़का उमेश कुमार (खानपुर विधायक)भी जी जान से कोशिश करता रहता था कि भगतदा मुख्यमंत्री कैसे बने,तीसरा लड़का पत्रकार सलीम सैफी (मै)भी भगतदा का भक्त बन चुका था और चाहता था कि भगतदा मुख्यमंत्री बने,अपनी मीडिया काबिलियत से भगतदा के हक़ में लगातार प्रयास भी करता रहता था हालाकि मुख्यमंत्री नित्यानंद स्वामी ने चमचों के विरोध के बावजूद मुझे असीम अधिकार प्रदान कर रखे थे लेकिन फिर भी मुझे भगतदा के चुंबकीय व्यक्तिव ने भगतदा के प्रति समर्पण को परवान चढ़ाया,भगतदा के कट्टर समर्थकों में उस वक्त इन 3 लड़कों के अलावा मनीष कोश्यारी, त्रिवेंद्र सिंह रावत,ज्योति गेरुला,अजय भट्ट,विश्वास डाबर,रवि मोहन अग्रवाल,अनिल गोयल और पीसी नैनवाल हुआ करते थे,वक्त बदला, किस्मतें बदली, वफादारिया और हैंसियतें बदली,अलग अलग धूरियां बनी,दूरियां बनी,कुछ नही बदला तो वो है उत्तराखंड का स्वाभिमान, संस्कार,समस्याएं और मै,अब हर साल 9 नवंबर आती है और सिस्टम के चेहरे बदल जाते मगर मुद्दे,दर्द और समस्याएं 22 सालों में ज्यों की त्यों बनी हुई है, ज़मीनी किस्से और भी है फिलहाल यही विराम देता हूं।





